# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर

## जी.ई. रोड, रायपुर -492001 (छत्तीसगढ़)

**Web site-www.gacraipurcg.in** **E-mail- ayurvediccollege@gmail.com**

**Tel./ Fax No.:- 0771-2263396**


---

क्रमांक/प्रवेश/2022......1484...... रायपुर दिनांक :- 08/04/2022

**आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस. आयुर्वेद) त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्यक्रम की सूचना**

**काउंसिलिंग स्थान :- शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)**

**काउंसिलिंग दिनांक :- 19.04.2022**

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में संचालित आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस. आयुर्वेद) पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 में प्रवेश हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित AIA-PGET 2021 में सम्मिलित छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उक्त प्रवेश परीक्षा की काउंसिलिंग रैंक के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों की तैयार वरीयता सूची महाविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित की गयी है। उक्त सूची में सम्मिलित अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुये काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

**समय सारिणी**

| दिनांक | श्रेणी / संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | AIA-PGET-2021 प्रवेश परीक्षा काउंसिलिंग रैंक |
|---|---|---|---|
| 19.04.2022 | अनारक्षित | प्रातः 10:00 बजे से 10:30 तक | 2455 से 2564 |

सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित समस्त मूल प्रमाण पत्रों/ अंकसूचियों एवं उनकी एक सेट की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित काउंसिलिंग हेतु निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित होंवे। उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी प्रवेश का अवसर खो देंगे। काउंसिलिंग में उपस्थित होना प्रवेश की गारंटी नहीं है।

**प्रमाण–पत्रों का क्रम :–**

1. AIA-PGET 2021 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड।
2. AIA-PGET 2021 परीक्षा Candidate Details।
3. 10वीं. की अंकसूची।
4. 12वीं की अंकसूची।
5. बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियां
6. इन्टर्नीशिप पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण–पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण–पत्र।
9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण–पत्र।
10. यदि उपनाम परिवर्तित है तो उपनाम परिवर्तन सम्बन्धी शपथ पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. अन्य कोई प्रमाण–पत्र जिसका उल्लेख आवेदन में किया गया है।
12. अभ्यर्थियों को उनके नाम के रिमार्क वाले कॉलम में दर्शित की गई कमियों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र/दस्तावेज को काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा।

**शुल्क :–**

काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये रू. 1000/– होगा, जो वापसी योग्य नहीं है। काउंसिलिंग पश्चात् प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार शासन/ महाविद्यालयीन स्वशासी समिति द्वारा निर्धारित शुल्क का नियमित रूप से भुगतान करना होगा।

अनारक्षित श्रेणी के चयनित उम्मीदवार को रू. 20,000/– (रू. बीस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गयी राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त अनारक्षित श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों को प्रति वर्ष 30,000/– शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क रू. 7000/– देय होगा।

AIA-PGET प्रवेश परीक्षा 2021 में सम्मिलित अभ्यर्थियों जिन्होंने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है उनकी महाविद्यालय द्वारा निर्मित अभ्यर्थियों की श्रेणीवार वरीयता सूची का विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट www.gacraipurcg.in पर उपलब्ध है।

8/04/22

**प्राचार्य**
**शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर

## जी.ई. रोड, रायपुर -492001 (छत्तीसगढ़)

**Web site-www.gacraipurcg.in** **E-mail-** ayurvediccollege@gmail.com
**Tel./ Fax No.:- 0771-2263396**

### एम.डी./एम.एस. (आयुर्वेद) हेतु विषयवार रिक्त सीटों का विवरण

| क्र. | विषय | सीटों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रिया शरीर | 01 | अनारक्षित |
| 2. | कौमारभृत्य–बालरोग | 01 | अनारक्षित |
| योग – 02 | | | |

08/4/22
प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)